कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण झाँसी (उ० प्र०) दिनांक 20 NOV 2014

गंदगी देख बिफरे सीडीओ

नगर संवाददाता, झांसी

मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार ने आज जिला महिला चिकित्सालय तथा अधिशासी अभियंता विद्युत (ग्रामीण) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों जगह गंदगी मिली। सीडीओ ने तत्काल सफाई कराने के सख्त निर्देश दिये तथा कहा कि अगर गंदगी पाई गई तो कार्रवाई की जायेगी।

सीडीओ पूर्वाह्न 11.30 पर जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे। ओपीडी वार्ड में महिलाओं तथा बच्चों की भीड़ लगी थी। चिकित्सक डा. एस.एस. व्यास नहीं थे। एक अन्य चिकित्सका इलाज कर रही थी। एक फार्मासिस्ट कल्पना सचान उपस्थित मिलीं, जबकि दूसरी अनुपस्थित पाई गई। सीडीओ ने मूमेंट रजिस्टर मांगा, जिसे मौजूद चिकित्सक व कर्मचारी नहीं दिखा सके।

पोस्ट आपरेशन वार्ड में गंदगी मिली। उपकरण भी साफ-सुथरे नहीं मिले। खिड़कियों के शीशे भी गंदे मिले। सीडीओ ने सफाई कराने के निर्देश दिये। गैलरी में पान-गुटका की पीक पड़ी रहने पर सीडीओ ने न केवल फटकार लगाई, बल्कि अपने सामने सफाई करवाई। सीडीओ ने सीएमओ डा. विनोद यादव को निर्देशित किया कि वह सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी बांट दें। सीडीओ को निरीक्षण में पानी की टंकी खाली मिली। अधिशासी अभियंता विद्युत (ग्रामीण) कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में गंदगी मिलने पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता रिवेन्यू को फटकार लगाई। अधिशासी अभियंता सुनील कुमार उस समय मौजूद नहीं थे। सीडीओ ने रिकार्डों का रख-रखाव ठीक ढंग से करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी महोदय, के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।